शासन की योजनाओं पर हुई गहन समीक्षा, निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने ली अधिकारियों की बैठक

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त प्रकाश सर्वे ने बैठक में जोन आयुक्त एवं सहायक राजस्व अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण, अवैध प्लाटिंग, अवैध कब्जे पर सख्त से सख्त कार्रवाई करें। मुख्य सड़कों के किनारे तथा व्यस्ततम मार्गों पर और गली , मोहल्लों में सड़क बाधा करने वालों पर भी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि शाम को अधिकतर फूड वाले स्ट्रीट वेंडर्स ठेला लगाने का कार्य करते हैं जिनके अस्थाई दुकानों एवं ठेलो में डस्टबिन रखने की सुविधा नहीं होती उन पर भी कार्यवाही करें। स्वच्छता को लेकर नियमित रूप से मॉनिटरिंग होती रहे। आयुक्त ने अस्पताल, स्कूल एवं आंगनबाड़ी में पेयजल सुविधा की जानकारी ली। बारिश पूर्व नालों की सफाई का उन्होंने जायजा लिया। इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्रगति की समीक्षा की। सड़क निर्माण कार्य , पेचवर्क की प्रगति तथा नवीन सड़कों के प्रस्ताव की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्य जिसे बरसात के पूर्व करना आवश्यक है उन्हें शीघ्र पूर्ण कर ले। उन्होंने भवन अनुज्ञा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि ईडब्ल्यूएस जमीन को सुरक्षित रखना आवश्यक है इसके लिए घेरा कराकर इसे सुरक्षित रखने का कार्य करें। निगमायुक्त ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग , पेयजल निदान, सफाई व्यवस्था, पावर पंप, हैंड पंप संधारण जैसे कार्यों की भी जानकारी ली तथा पट्टा पर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने शासन की प्रमुख योजनाएं मुख्यमंत्री मितान योजना, राजीव युवा मितान क्लब, शहरी गौठान एवं आजीविका मूलक गतिविधियां , मोबाइल मेडिकल यूनिट एवं मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना एवं शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकारण की समीक्षा की तथा राशन कार्ड, पेंशन, भवन अनुज्ञा प्रमाण, पत्र इत्यादि पर गहन समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख रूप से अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी जोन , उपायुक्त रमाकांत साहू एवं नरेंद्र बंजारे, जोन आयुक्त येशा लहरे , मनीष गायकवाड, पूजा पिल्ले, अमिताभ शर्मा, एन आर रत्नेश एवं नोडल अधिकारी प्रीति सिंह , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा , सहायक अभियंता तपन अग्रवाल , कार्यपालन अभियंता एवं सहायक अभियंता सहित सहायक राजस्व अधिकारी मौजूद रहे।